ज्योत से ज्योत जगाओ....

ज्योत से ज्योत जगाओ....

ज्योत से ज्योत जगाओ सदगुरु !
ज्योत से ज्योत जगाओ।।
मेरा अन्तर तिमिर मिटाओ सदगुरु !
ज्योत से ज्योत जगाओ।।
हे योगेश्वर ! हे परमेश्वर !
हे ज्ञानेश्वर ! हे सर्वेश्वर !
निज कृपा बरसाओ सदगुरु ! ज्योत से.....
हम बालक तेरे द्वार पे आये,
मंगल दरस दिखाओ सदगुरु ! ज्योत से....
शीश झुकाय करें तेरी आरती,
प्रेम सुधा बरसाओ सदगुरु ! ज्योत से....
साची ज्योत जगे जो हृदय में,
सोऽहं नाद जगाओ सदगुरु ! ज्योत से....
अन्तर में युग युग से सोई,
चितिशक्ति को जगाओ सदगुरु ! ज्योत से....
जीवन में श्रीराम अविनाशी,
चरणन शरन लगाओ सदगुरु ! ज्योत से...
ॐ गुरु ॐ गुरु
ॐॐॐॐॐॐ